हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 13 जून 2024
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 नगर पालिका नगर के विकास में कोई कसर नहीं ...

07 मानसून से पहले ही खुलती नजर आ रहा रही है नपा...




**शहर के भीतर चल रहीं दर्जनों फैक्ट्रियां**

**फायर सेफ्टी व सुरक्षा के नहीं पुख्ता इंतजाम**

# फैक्ट्री में केमिकल व सल्फर का रखा था भारी स्टॉक, ईंधन के ड्रम भी जले

## फैक्ट्री के अंदर था चौकीदार, धुआं उठता देख दी सूचना लेकिन फैक्ट्री जलकर राख, फैक्ट्रियों में फायर सेफ्टी के इंतजामों की नहीं होती जांच


- 9 शहरों की 18 दमकल ने 5 घंटे में आग पर पाया काबू
- प्रशासन को एरिया खाली कराना पड़ा, 5 करोड़ से अधिक का हुआ नुकसान
- बिना सुरक्षा मापदंडों के शहर में चल रहीं हैं कई फैक्ट्रियां।
- कई बार की जा चुकी है इंडस्ट्रियल एरिया को शहर से बाहर करने की मांग।



विदिशा। यूनाइटेड पेस्टिसाइड्स फैक्ट्री में लगी आग पूरे शहर से दिखाई दे रहे थे आग के गुबार, दिनभर शहर की सड़कों पर दौड़ती रहीं कई जिलों से आई दमकलें।

### तहसीलदार बोले: 15 दिन पहले ही मिला था फायर सेफ्टी का नोटिस

तहसीलदार अमित सिंह ने बताया कि 15 दिन पहले ही इंडस्ट्री डिपार्टमेंट ने फायर सेफ्टी के संबंध में यूनाइटेड पेस्टिसाइड्स फैक्ट्री को नोटिस जारी किया था, जिसको लेकर जानकारी जुटाई जा रही है। इधर भोपाल बीएचईएल की फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम में 7 फायर कर्मचारियों ने फैक्ट्री के अंदर जाकर सर्चिंग की। टीम ने अंदर फोम से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इंडस्ट्रियल एरिया में इससे पहले भी आगजनी की एक घटना हो चुकी है।


विदिशा। फैक्ट्री के अंदर आग इतनी भीषण थी की दमकल के कर्मचारी अंदर नहीं घुस पा रहे थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

खरीफ के सीजन को देखते हुए शहर के जाने माने उद्योगपति एवं पूर्व विधायक शशांक भार्गव की यूनाइटेड पेस्टिसाइड्स की फैक्ट्री में भारी मात्रा में केमिकल का भंडारित था। जिसमें सल्फर, केमिकल से भरे ड्रम और इंधन के कंटेनर भी भरे हुए थे। बताया जा रहा है कि शार्ट सर्किट से लगी आग ने देखते ही देखते ही विकराल रूप ले लिया। दमकल गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास भी हुआ लेकिन नाकाम साबित हुए। इन प्रयासों से इतना जरूर हुआ कि इंडस्ट्रियल एरिया की अन्य फैक्ट्रियां सुरक्षित बचा ली गईं। आसपास की फैक्ट्रियों के गोदामों में भी भारी मात्रा में केमिकल के भंडार भरे हुए हैं। यूनाइटेड पेस्टिसाइड्स में लगी आग के बाद केमिकल का जहरीला धुआं आसपास के इलाकों में फैल गया। बचने के लिए पुलिस अधिकारी और अन्य लोगों को मास्क लगाने पड़े। करीब 3 साल पहले यहीं पर मौजूद सौरभ पेस्टिसाइड्स फर्म में भी आग लगी थी। दोपहर करीब ढाई बजे फैक्ट्री मालिक पूर्व विधायक और भाजपा नेता शशांक भार्गव मौके पर पहुंचे। साधना सिंह चौहान भी भार्गव के निवास पर पहुंचीं। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि मंडीदीप, विदिशा, बीना और भोपाल की इंडस्ट्रियल क्षेत्र से फोम वाली फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। फैक्ट्री में बड़ी संख्या में ड्रमों में केमिकल भरा रखा था। इसी केमिकल के जलने के कारण आग फैली। लोगों ने जान दाव पर रख ड्रम बचाये वहीं जेसीबी से बाउंड्रीवॉल तोड़कर केमिकल के ड्रमों को बाहर निकाला गया।


विदिशा। फैक्ट्री के अंदर रखे कैमिकल से भरे ड्रमों को बाहर निकालते हुए।


विदिशा। आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे दमकलकर्मियों के चेहरे हुए काले।

## 16 जवान तैनात: रातभर करेंगे फैक्ट्री की निगरानी

होमगार्ड अधिकारी रष्मि दुबे ने बताया आग को बुझाने के लिए बीएचईएल भोपाल, बीना रिफायनरी, गंजबासौदा, सिरोंज गैरतगंज, सांची, विदिशा मिलाकर कुल 18 दमकल आईं। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे 11 घंटे तक आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। अब निगरानी रखने के लिए फैक्ट्री के 16 जवान तैनात किए गए हैं। क्योंकि देर रात तक भी आग भड़कने का खतरा बना हुआ है। आग बुझाने में पानी से भरी लारियों के साथ फोम का उपयोग किया गया। फैक्ट्री में कैमिकल, सल्फर सहित ईंधन का भारी मात्रा में भंडार था। जिसके कारण आग भभकी। शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की बात सामने आई है। 11 घंटे तक होमगार्ड के 35 जवान तैनात रहे।

### ग्राम ढांड़ोन में जन समस्या निवारण शिविर लगाया

# समस्या निवारण शिविर में पहुंचे विधायक, कलेक्टर व सीईओ ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर हल करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नटेरन तहसील अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत महुआखेड़ा के ग्राम ढांड़ोन में बुधवार को जन समस्या निवारण शिविर लगाया गया।

शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट ने ग्रामीण जनों की समस्याओं को सुना। विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने कहा कि गांव के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पूर्व में भी ग्राम में सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित हों इसके लिए प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सिंचाई व्यवस्था के लिए प्रयास कर ग्रामीण जनों की समस्या का शीघ्र ही निराकरण किया जाएगा। हम ग्राम के विकास के लिए तत्पर हैं आगे भी विकास कार्य में कोई और कसर नहीं छोड़ी जाएगी। नहर की समस्या जल्द ही हल होगी। साथ ही उन्होंने विकास कार्यों को भी गिनाया। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में सामुदायिक भवन निर्माण कराया गया है विद्युत सब स्टेशन की व्यवस्था भी गांव में जल्द ही की जाएगी। गांव की छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा।


विदिशा। गांव में शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं हल की गईं।

### चुनाव के दौरान ग्रामीणों ने किया था बहिष्कार

जन समस्या निवारण शिविर में कलेक्टर वैद्य ने कहा कि चुनाव के समय ग्रामीणजनों ने मतदान का बहिष्कार कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया था। उसी कड़ी में पूरा प्रशासन आपको सुनने के लिए यहां पर आया है। आपकी जो भी समस्या हैं वह हल हो सकती हैं उसको तत्काल यहीं पर हल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड के बगैर कोई भी काम नहीं होता तो प्रत्येक ग्रामीण अपना आधार कार्ड अपडेट करा लें। जिससे कि आपके कोई भी काम में रुकावट ना आए।

### कलेक्टर व सीईओ ने लिया आवासों का जायजा


विदिशा। पीएम जनमन के तहत ग्राम बागरी में सहरिया जनजातीय समुदाय के परिवारों के लिए बनाए जा रहे पीएम आवासों का बुधवार को कलेक्टर व सीईओ ने जायजा लिया। उन्होंने आवासों के अंदर जाकर निर्माण की गुणवत्ता की जांच की। ग्राम बागरी के पास सहरिया जनजातीय परिवारों के लिए इन आवासों का निर्माण कराया जा रहा है।

## निर्विरोध सरपंच बने थे सौरभ दांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



भदार बड़ागांव में खेत में पानी की मोटर चालू करते समय करंट लगने से हादसा हो गया। जिसमें ग्राम बड़ागांव के निर्विरोध सरपंच सौरभ दांगी की मौत हो गई। वे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष तोरण सिंह दांगी के भतीजे थे। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बड़ागांव महज 24 साल की उम्र में निर्विरोध सरपंच बनने का गौरव हासिल करने वाले सौरभ पुत्र गजराजसिंह दांगी को अपने खेत पर मोटर चलाने के दौरान करंट लग गया। परिजन तत्काल मेडिकल कालेज पहुंचे, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

इस घटना की जानकारी लगते ही भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज कटारे भी मेडिकल कालेज पहुंचे। सौरभ के दुःखद निधन की खबर लगते भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा सहित भाजपा से जुड़े नेता भी भदार बड़ागांव पहुंचे और शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

**चौराहे पर फूंका आतंकवाद का पुतला :** विदिशा। जम्मू-कश्मीर में वैष्णवदेवी कटरा से शिवखोड़ी जाते समय श्रद्धालुओं पर किए गए आतंकी हमले के विरोध में बुधवार को विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने माधवगंज चौराह पर आतंकवाद का पुतला फूंका है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस प्रकार की गतिविधियों से पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए केन्द्र सरकार को कठोर कदम उठाने चाहिए। घटना के विरोध में बजरंग दल ने संपूर्ण देशभर में जिला केन्द्रों पर पाकिस्तान पोषित इस्लामी जिहादी आंतकवाद का पुतला जलाया।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2657
उच्चतम भाव-4150
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2275
उच्चतम भाव-3010
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2482
चना
न्यूनतम भाव- 2500
उच्चतम भाव- 6821
मसूर
न्यूनतम भाव-2471
उच्चतम भाव-6430
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4620
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-6070
सरसों
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-5870
उड़द
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-8271
मूंग
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-7710
धान
न्यूनतम भाव-600
उच्चतम भाव-3200
अलसी
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-5610
बटरी
न्यूनतम भाव-3790
उच्चतम भाव-7110
धनिया
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-6000
मूंगफली
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-6200
अन्य
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-2690

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 22104 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### कुछ ट्रेनें रहेंगी रद्द कुछ रहेंगी डायवर्ट

**गंजबासौदा।** आगामी दिनों में मालखेड़ी और महादेवखेड़ी स्टेशन पर प्री एनआई कार्य के चलते बीना भोपाल रेलखंड पर कुछ ट्रेनों का संचालन रद्द रहेगा, जबकि कुछ को रूट डायवर्ट कर चलाया जाएगा। जिन ट्रेनों को रद्द रखने का निर्णय लिया गया है उनमें 22911 क्षिप्रा एक्सप्रेस 27 जून से 9 जुलाई तक , 22912 क्षिप्रा एक्सप्रेस 29 जून से 11 जुलाई तक, 18235 बिलासपुर एक्सप्रेस 14 जून से 9 जुलाई तक, 18236 बिलासपुर एक्सप्रेस 16 जून से 11 जुलाई तक, 11271 विंध्यांचल एक्सप्रेस 16 जून से 10 जुलाई तक, 11272 विंध्याचल एक्सप्रेस 16 जून से 10 जुलाई तक, 22165 सिंगरौली एक्सप्रेस 22 जून से 10 जुलाई तक, 22166 सिंगरौली एक्सप्रेस 25 जून से 11 जुलाई तक, 22161 राज्यरानी एक्सप्रेस 25 जून से 10 जुलाई तक, 22162 राज्यरानी 26 जून से 11 जुलाई तक रद्द रहेगी। वहीं राजकोट एक्सप्रेस को 15 जून से 8 जुलाई तक, रीवांचल एक्सप्रेस को 25 जून से 10 जुलाई तक और कामायनी एक्सप्रेस को 25 जून से 10 जुलाई तक परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। ये ट्रेनें कटनी, जबलपुर, इटारसी, रानी कमलापति स्टेशन और भोपाल होते हुए गुजरेंगी।

### जय स्तंभ चौक से सावरकर चौक तक डामरीकरण कार्य हुआ प्रारंभ

# नगर पालिका नगर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रही: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





हम सभी आपस में मिलकर रणनीति बनाकर और आपसी सहमति के बाद नगर के चहुंमुखी विकास में लगे हुए हैं। आज जटिल से जटिल और जायज समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। चाहे बाbपास निर्माण हो, चाहे पाराशरी गहरीकरण सौंदर्यीकरण हो या फिर गलियों और नालों का निर्माण हो। सभी जगह नागरिकों की सुविधाओं को बढ़ाया जा रहा है।

उक्त बात बुधवार को जय स्तंभ चौक पर डामरीकरण कार्य का शुभारंभ करते हुए विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कही। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों ने डामरीकरण करने वाली मशीन पर नारियल फोड़ा और पुष्प चढ़ाकर कार्य को गति प्रदान की। विधायक रघुवंशी ने नागरिकों से नगर विकास में सहयोग प्रदान करने की अपील की। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने नपा द्वारा कराए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कितने कम समय में नगर को धूल, सूअर, सड़क, पानी सहित अन्य समस्याओं को दूर किया गया। जय स्तंभ से सावरकर चौक तक बीच में पढ़ने वाले डिवाइडरों को भी नागरिकों की मांग पर हटवाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि अब हमारा मुख्य लक्ष्य जय स्तंभ चौक को सुंदर करना है। अभी हमारे द्वारा सावरकर चौक तक सड़क पर डामरीकरण कार्य किया जा रहा है जिसके बाद चौराहे की सुंदरता और बढ़ाई जाएगी। इस कार्य में दुकानदारों और नागरिकों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि नगर विकास में पैसों की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र मैना ने भी नगर पालिका के कार्यों पर प्रशंसा जाहिर की। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार गोविंद नायक, पंचतत्व संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव, नगर मंडल अध्यक्ष सनी भावसार, धर्मेंद्र कुशवाहा, सरदार अहिरवार, मनीष विश्वकर्मा, पूर्व पार्षद योगेंद्र समैया, ओमकार रघुवंशी, सरिता जैन, सरिता रघुवंशी मौजूद थीं। संचालन धर्मेंद्र जैन ने तथा आभार नपा सीएमओ जयंत वर्मा ने व्यक्त किया।

## त्योंदा में चला चैकिंग अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

त्योंदा में गत दिवस पुलिस थाने के सामने शाम के समय सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान त्योंदा से गुजरने वाले ऐसे दो पहिया, चार वाहन चालकों को रोका गया। जिनके वाहनों की नंबर प्लेट टूटी हुई थीं, दो पहिया वाहन चालक हेलमेट नहीं लगाए हुए थे, चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट नहीं लगाए हुए थे। चालानी कार्रवाई के तहत 2000 रुपए का जुर्माना वाहन चालकों से वसूल किया गया।

## समीक्षा बैठक लेकर दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को एसडीएम विजय राय की अध्यक्षता में विकासखंड के शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीईओ परता अहिरवार, बीआरसी कपिल तिवारी, सभी संकुल प्राचार्य और सभी जनशिक्षक उपस्थित रहे। नवीन शिक्षण सत्र में स्कूल चले हम प्रवेश उत्सव मैपिंग कार्य, शालाओं में शिक्षक की समय पर उपलब्धता, सभी बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति, शालाओं का समय पर संचालन और मध्यान्ह भोजन का नियमित मीनू अनुसार पूर्ण वितरण, सीएम हेल्पलाइन, गणवेश वितरण, सायकल वितरण अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में सभी बिंदुओं पर एसडीएम द्वारा बैठक में उपस्थित सभी संकुल प्राचार्य और जनशिक्षकों को निर्देशित किया गया कि सभी नियमित मॉनिटरिंग करें और शैक्षणिक गुणवत्ता भोजन की गुणवत्ता, बच्चों की उपस्थिति, समय पर शाला का संचालन आदि पर विशेष ध्यान दें। नवाचार के साथ बच्चों के शैक्षणिक स्तर में अनिवार्य रूप से वृद्धि लाई जावे।

## समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**गंजबासौदा।** ग्राम सत्ताखेड़ी जाजौन के अनेक रहवाासियों ने कई समस्याओं को लेकर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामवासियों ने बताया कि कई महीनों से सरपंच, सचिव से कहा भी फिर भी उनकी समस्याओं की सुनवाई नहीं हो रही है।




ग्रामीणों को लाड़ली बहना योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, ग्राम में पानी की समस्या व्याप्त है जिससे गर्मी के मौसम में ग्रामवासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने समस्याओ के शीघ्र समाधान की मांग की।

## देर तक आपस में हुई सांडों की लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



पचमा बायपास मार्ग पर में दो सांड आपस में लड़ गए। जिससे देर तक गली में आवागमन बंद रहा। वहीं रहवासी सांडो के ऊपर पानी डालकर लड़ाई शांत करने का प्रयास करते रहे। लगभग आधे घंटे बाद सांडो की लड़ाई शांत हुई और गली से आवागमन शुरू हो सका। उल्लेखनीय है कि नगर में अनेक सांड नगर के चौक चौराहों, गलियों में भ्रमण करते रहते हैं जो खाने की तलाश में इधर उधर भटकते हैं और आए दिन आपस में झगडते हैं और नुकसान पहुंचाते हैं।

## नागरिक बैंक द्वारा क्यूआरकोड की सुविधा शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नागरिक बैंक द्वारा अपने ग्राहकों को मोबाइल बैंकिंग, एटीएम सुविधा प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में क्यूआर कोड सेवा का शुभारंभ किया गया। बैंक कार्यालय मे आयोजित कार्यक्रम मे बैंक द्वारा 18 ग्राहकों को क्यू आर कोड सुविधा प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि बैंक द्वारा अपने सभी ग्राहकों को डिजीटल बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा रही है जिससे ग्राहक 24X 7 बैंकिंग सुविधा का लाभ पूरे भारत मे प्राप्त कर सकेगें। इस अवसर पर बैंक आईटी हैड जितेन्द्र यादव ने विस्तार से जानकारी दी। बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरिओम भावसार ने सभी नागरिकों से बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाने का अनुरोध किया एवं उपस्थित संचालकगणों ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार बैंक मुख्य लेखापाल परवेज फजलानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर बैंक उपाध्यक्ष धर्मचंद ओसवाल एवं संचालक मोहित समैया, लखपत सिंह राजपूत, संदीप अरोरा, मुकेश चौरसिया, सीमा शर्मा, हरिबाबू जैन, अंकुर पिंगले बैंक सीए, अर्पित शर्मा, बैंक ग्राहक हेमचंद शाह, ओमकार शर्मा, सुनील जैन, ब्रजेश तिवारी, अतुल ताम्रकार, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, नरेश यादव, अजयपाल सिंह नरवरिया आदि उपस्थित थे।


## बाल श्रम निषेध दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**गंजबासौदा।** मध्य प्रदेश राज्य सेवा प्राधिकरण के आदेश अनुसार विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम डिडौली के शासकीय विद्यालय प्रांगण में ग्रामीणों के लिए विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय एनजीओ एवं मॉ वेलफेयर सोसायटी द्वारा सहभागिता की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रथम व्यवहार




न्यायाधीश कनिष्ठ खंड अब्दुल अजहर अंसारी द्वारा अपने वक्तव्य में बालश्रम निषेध अधिनियम, शिक्षा का अधिकार, दुर्व्यवहार, उपेक्षा, शोषण और भेदभाव से सुरक्षा का अधिकार, स्वास्थ्य, स्वच्छता, निःशुल्क विधिक सहायता दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां, शासन की अन्य कल्याणकारी योजना ,नालसा 2015 के अंतर्गत जरूरतमंद लाभार्थियों को गरीबी उन्मूलन योजनाओं के विषय में जागरूक करने एवं समाज के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग को दिए गए लाभ तक पहुंच सुनिश्चित करना एवं शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रचार-प्रसार सम्बन्धी जानकारियां प्रदान कीं। वहीं आयोजन के दौरान ग्रामीणों एवं उपस्थितों को बाल मजदूरी रोकने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप में अधिवक्ता राजेश सक्सेना, समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, देवेंद्र, अब्दुल कादिर, हजारीलाल पाटस्कर, अंकित शर्मा, सरपंच कारेलाल, पूर्व सरपंच हिम्मत सिंह, सचिव देवी सिंह सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## विद्युत ट्रांसफार्मर में लगी आग, घंटों रही बिजली गुल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस दोपहर के समय बरेठ रोड पर विद्युत ट्रांसफार्मर में आग लग गई। जिससे बरेठ रोड, त्योंदा रोड, स्टेशन रोड क्षेत्र में दोपहर 1 बजे से शाम 4.30 बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रहा। जिससे नगरवासियों को कई घंटे बिजली के अभाव में गर्मी में बगैर पंखा, कूलर के परेशानियों का सामना करना पड़ा। शाम को जब विद्युत वितरण कंपनी कर्मचारियों द्वारा दूसरा विद्युत टांसफार्मर रखा गया तब कहीं जाकर विद्युत प्रदाय सुचारू रूप से शुरू हो सका। उधर बुधवार को भी दोपहर के समय काफी देर तक विद्युत प्रदाय बंद रहा। जिससे नागरिकों को भीषण गर्मी और उमस में बिना बिजली के परेशान होना पडा। यहां उल्लेखनीय है कि बरसात का मौसम अभी शुरू भी नहीं हुआ है और विद्युत उपकरणों में खराबी, आग लगने, लाइन में फाल्ट आने की समस्या से बिजली कटौती होने लगी है। बारिश में तेज आंधी तूफान और तेज बरसात में क्या स्थिति बनेगी स्वयं समझा जा सकता है।

### चिकित्सकों ने मरीजों को बताए नेत्र रोगों से बचाव के तरीके

# नि:शुल्क नेत्र शिविर में हुई मरीजों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सद्गुरु विज़न सेंटर पर आयोजित नेत्र शिविर में डॉक्टर राजकरण वर्मा एवं डॉ. सौरभ शर्मा ने 154 मरीजों के नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बताए। चिकित्सकों ने मरीजों से अनुरोध किया कि वह प्रत्येक माह में अपने नेत्र परीक्षण कराएं ताकि नेत्रों से होने वाली परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर कैंप प्रभारी डालसिंह जादौन, नीलम जादौन, सुनील अवस्थी ने शुगर एवं ब्लड प्रेशर एवं निशुल्क दवाई का वितरण भी किया। स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू ने कहा कि स्वर्गीय रणछोड़ दास की कृपा से आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा 50000 से अधिक ऑपरेशन निशुल्क किए जाते हैं, जो की एक अनुकरणीय उदाहरण है। इस अवसर पर समाजसेवी आनंद मिश्रा, रामकुमार शर्मा, सरदार सिंह सिसोदिया, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी सहित अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

शिविर में 76 लोगों को दवाइयों का वितरण किया गया, वहीं 29 से अधिक मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित किए गए, 26 मरीजों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई, वहीं 23 लोगों को ऑपरेशन के पश्चात चश्मे भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर समाजसेवी एवं सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संतोष शर्मा, डॉ. एके जैन, गणेशराम रघुवंशी, डॉ. एके रोहिले, दिलीप देसाई, दिनेश दण्डोतिया मौजूद थे। सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा मरीजों को ऑपरेशन के पश्चात निशुल्क काला चश्मा एवं दवाइयां प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने नेत्र रोगियों से अनुरोध किया कि वह ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का लाभ उठाएं।

### फरार वारंटी पकड़ाया



गंजबासौदा। पुलिस ने चेतन सिलावट उम्र 28 साल निवासी सिंधी कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध दो स्थाई वारण्ट एवं दो गिरफ्तारी वारण्ट न्यायालय द्वारा जारी किए गए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में टीआई हरिकिशन लोहिया, केशरी प्रसाद, वीरेन्द्र लोधी, प्रमेन्द्र नामदेव, रामनिवास की भूमिका रही।

## अभियान के तहत साफ-सफाई कर किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 5 से 16 जून तक जल संरक्षण हेतु जल स्त्रोतों पर कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। इसके अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद गंजबासौदा द्वारा गठित नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लमन्या के द्वारा जल संरक्षण को लेकर कुआँ, बावड़ी, तालाब एवं नदी में छोटी छोटी जल संरचनाओं का निर्माण, साफ सफाई अभियान, चौपाल, रैली, दीवार लेखन आदि के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। इसमें मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर समिति ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लमन्या सेक्टर उदयपुर, ब्लॉक गंजबासौदा द्वारा ग्राम चुल्हेटा बावड़ी में साफ-सफाई व गहरी करण किया गया। साथ ही मन्दिर प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया।

जल संरक्षण के इस श्रमदान कार्यक्रम में परिषद की ब्लॉक समन्वयक ममता राठौर, नवांकुर समिति के कार्यक्रम समन्वयक अमित शर्मा, शैलेंद्र राजपूत एवं प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव प्रहलाद राजपूत, हरिओम राजपूत, सरपंच सरिता अनिल यादव, तीरन, कृष्ण पाल, जयवीर, रामशरण, परमानन्द, धर्मवीर, प्रदीप सहित बडी संख्या में सदस्यगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### यातायात पुलिस ने की चालानी कार्रवाई

**गंजबासौदा।** बुधवार को यातायात पुलिस द्वारा हतोड़ा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहनों की जांच पड़ताल की गई। पुलिस द्वारा वाहन को रोकने के बाद चालक जुर्माने बचने के लिए इधर उधर फोन लगाते रहे, लेकिन पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए करीब 10 वाहनों पर जुर्माने की कार्रवाई की। यातायात प्रभारी सूबेदार आशीष राय ने बताया कि यातायात पुलिस सड़क हादसों में कमी लाने के लिये लगातार काम कर रही है। यातायात अमले ने विशेष अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 10 चालान बनाए गए जिन पर 3200 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। वहीं कृषि उपज मंडी में सुरक्षा व्यवस्था को देखा। पुलिस द्वारा की गई इस चैकिंग में दो पहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट का प्रयोग न करना, तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई।

## खबर संक्षेप

### अभियान में की रतोना जलाशय की साफ-सफाई

**सागर**। राज्य शासन द्वारा जल संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संसाधन विभाग अन्तर्गत, अंग्रेजी शासन काल से निर्मित रतोना जलाशय की साफ सफाई का कार्य जल संसाधन विभाग एवं रतोना पंचायत के किसानों के सहयोग से कार्य का शुभारंभ सागर जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकार पीसी शर्मा के द्वारा तगाड़ी उठाकर किया गया। साथ में जल संसाधन विभाग के कार्य पालन यंत्री आर एस धुर्वे एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारी तथा उप यंत्री और संभागीय कार्यालय के समस्त स्टाप उपस्थित रहे। यह समस्त कार्य जनसयोग से कराया गया जिसमे लगभग 200 लोग उपस्थित रहे।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**सागर**। नमामि गंगे अभियान अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से मढिया ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना एवं सानौघा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत जल शोधन संयंत्र मढिया एवं निर्माणाधीन जल शोधन सानौघा राहतगढ़ में जल निगम परियोजना क्रियान्वयन इकाई सागर के मनोज श्रीवास्तव प्रबंधक एवं सुमित मेश्राम प्रबंधक (जनसहभागिता) ने पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान ठेकेदार एजेंसी के प्रतिनिधि तथा एसक्यूसी स्टाफ उपस्थित रहे। साथ ही प्रबंधक मनोज श्रीवास्तव ने निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण कर उपस्थित तकनीकी अमले को कार्य सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

### सहायक जेल अधीक्षक व प्रहरी के लिए नाप जोख 2 जुलाई से

**सागर**। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 25 मई, 2023 में 20 जून, 2023 तक परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसका परीक्षा परिणाम 14 मार्च, 2024 को घोषित किया गया है। सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी के पदों हेतु सफल अभ्यर्थियों के द्वितीय चरण की परीक्षा जिसमें शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट होगा।

## सड़कों पर बह रहा नालियों का गंदा पानी, लोगों के लिए बन रहा मुसीबत

# मानसून से पहले ही खुलती नजर आ रहा रही है नपा की साफ-सफाई की पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मानसून से पूर्व ही सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने नागरिकों की भविष्य की समस्याओं को देखते हुए 12 मई को सिरोंज नपा को पत्र के माध्यम से चेतावनी देते हुए बताया था कि शहर सहित आस पास के क्षेत्र में भ्रमणकर नदी, नालों एवं नालियों को साफ करने का कार्य प्रारंभ कर दिया जाए, जिससे कि आगामी बारिश के दौरान लोगों को जल भराव, कीचड़ सहित नालियों का गंदा पानी उनके घरों में ना जा सके। इसके मद्देनजर तमाम तरह की व्यवस्थाएं पहले ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके जिम्मेदार इस ओर कोई प्रयास करते दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। हालांकि एक-दो दिन जेसीबी चलाकर एक दो नालों की सफाई जरूर नपा द्वारा की गई थी। लेकिन जिस तरह से शहर की सड़कों पर नालियों का गंदा पानी बह रहा है इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यदि तेज बारिश होती है तो स्थिति वद से बत्तर हो जाएगी और रहवासी इलाकों में उनके घरों में पानी भर जाएगा। क्योंकि नालियां कचरे से ठसी पड़ी है। शहर में जगह-जगह गंदगी के अंबार भी आसानी से देखने को मिल ही जाते है, जिसकी वजह से नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है और स्थानीय लोग परेशान हो रहे हैं। हरिभूमि ने जब शहर का भ्रमण किया तो चौंकाने वाले दृश्य सामने दिखाई दिए। भ्रमण के दौरान शहर की स्थिति काफी खराब देखने को मिली। सर्वप्रथम जब नगर के वार्ड नंबर 10 नयापुरा देखा गया तो जहां पर नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहता हुआ दिखाई दिया। स्थानीय रहवासी सहित आसपास के लोग घर से बाहर निकलने के लिए उस गंदे पानी से होकर ही हर रोज जाना पड़ता है। वहीं जब हमारी टीम ने लोगों से बात की तो लोगों का गुस्सा भी देखने को मिला। नवीन नामदेव,वेद प्रकाश राजपूत आदि ने कहा कि यह स्थिति हर दिन की है लोग प्रतिदिन अपने कामों पर जाने के लिए इस गंदे पानी से होकर निकलते हैं। जिसकी वजह से कई बार कपड़े भी खराब हो जाते हैं तो कई बच्चे इन नालियों में गिरने से चोटिल भी हो चुके हैं। दर्जनों शिकायत करने के बाद भी स्थानीय जिम्मेदार अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई करते हुए दिखाई नहीं दिए हैं। रहवासियों का कहना है कि जब हमने स्थानीय दरोगा को फोन लगाया तो उसने आने से साफ मना कर दिया। इसकी शिकायत लेकर जब हम नपा सीएमओ के पास पहुंचे तो उन्होंने भी मीटिंग का बहाना लेकर वहां से चलते बने जिसकी वजह से हमारा कोई समाधान भी नहीं हो पा रहा है और लोग ऐसे ही हर दिन परेशान हो रहे हैं।



**रोज निकल रहे जिम्मेदार फिर भी नहीं किसी का ध्यान:** नगर की मुख्य सड़कों पर कई दिनों से नालियों का गंदा पानी बह रहा है। जहां से प्रतिदिन हजारों लोग निकलते हैं नपा के अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि भी यहां से होकर रोज निकलते हैं। इसके बावजूद भी वार्ड 10 के हालात वद से बत्तर हैं। नगर पालिका द्वारा शहर में यूं तो हर दिन सफाई की जाती हैं, यहां के सफाईकर्मी पसीना बहाकर सड़कों से लेकर नालियां तक साफ करते दिखाई दे जाते हैं। बावजूद शहर में व्यवस्थित ढंग से नालियों का निर्माण न होने, नालियों पर कब्जा होने और आमजन द्वारा नालियों में ही कचरा फेंक देने के कारण शहर में कई जगह नालियों में कचरा भरा पड़ा है। पिछले कुछ दिनों से नपा की कार्यप्रणाली पर लगातार सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।



इसके बावजूद भी नपा व्यवस्था कराने में फेल दिखाई पड़ रही है। यही कारण है कि नगर के कई वार्डों की नालियों में पानी भी जमा हो गया है। जिसमें मच्छर-कीटाणु पनप रहे हैं। कई स्थानों पर आमजन द्वारा नालियों में कचरा फेंकने से व्यवस्था गड़बड़ाई हुई है, तो कुछ क्षेत्रों में दुकानदारों व घरों के बाहर अवैध कब्जा कर नाली ढकने के कारण भी स्थिति बिगड़ी है। सवाल यह है कि जब नगर के मुख्य मार्ग के यह हाल हैं तो गलियों में क्या हालात होंगे।

**स्वच्छता अभियान के नाम पर मिल रही करोड़ों की राशि लेकिन स्थिति वद से बत्तर:** नगर में स्वच्छता अभियान के लिए सिर्फ लाखों रुपए खर्च कर रैलियां निकाली जा रही है तो वहीं विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण सिर्फ सोशल मीडिया और कागज तक ही रह गया है। शहर की सड़कों पर नालियों के इस गंदे पानी की तस्वीरों से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि नगरपालिका परिषद स्वच्छता अभियान को लेकर कितना सजग है। नगर में जहां तहां गंदगी का अंबार लगा रहता है। वहीं दूसरी ओर नालियां भी गंदगी से बजबजा रहीं हैं और सड़ांध मार रहीं हैं। जबकि स्वच्छता अभियान के लिये एक बड़ी राशि शासन से प्राप्त होती है जिसका उपयोग कहां और कैसे किया जा रहा है यह प्रश्न चिन्ह है।

### नाली हो रही हैं जाम

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए नगर को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए आमजनों में जागरूकता की कमी है, लेकिन इस बार स्वच्छता रैकिंग में अपनी स्थिति सुधारने एक और मौका मिला है। लेकिन लोगों में अभी भी स्वच्छता बनाए रखने में जागरूकता की कमी देखी जा रही है। जगह-जगह कचरे के ढेर नगर में देखे जा सकते है। इसके अलावा वातावरण को जिससे सबसे ज्यादा खतरा है, वह है पॉलीथिन प्लास्टिक। सबसे जहरीला कचरा पॉलीथिन प्लाटिक को माना जाता है। इसका निपटारा नपा नहीं कर पा रही है, ना ही पॉलीथिन पर रोक लगाने में कामयाब है। नगर में सिंगल यूज प्लास्टिक की भरमार है। जिसका दुष्प्रभाव मूक पशुओं समेत इंसानों पर भी पड़ता है।

### कदम उठाएंगे

मैं दिखवाता हूं, यदि शहर में इस तरह की स्थिति है तो तत्काल सुधार के लिए कदम उठाए जाएंगे।

**हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिरोंज।

मैं दिखवाता हूं, यदि इस तरह की स्थिति है तो तत्काल सफाई करवाई जाएगी एवं वार्ड प्रभारी पर कार्रवाई की जाएगी।

**पवन शर्मा सीएमओ,** नगर पालिका परिषद सिरोंज।

## पुनः परीक्षा में सैकड़ों विद्यार्थी अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले दिनों 5वीं, 8वीं में फेल और अनुपस्थित छात्रों को एक बार पुनः परीक्षा में सम्मिलित होने का मौका दिया गया। पुनः दूसरी बार की परीक्षा में 4332 छात्र-छात्राओं को परीक्षा देने केन्द्रों तक आना था। लगभग आधे छात्र पुनः परीक्षा में क्यों अनुपस्थित रहे, व्यापक चर्चाओं का विषय बना हुआ है। स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का वितरण स्व. सहायता समूहों के द्वारा वितरित किया जाता है। जिसमें दर्ज छात्र स्कूल आए न आए परंतु उनकी उपस्थिति से खाद्यान्न और राशि निकलती रहती है। यदि वास्तव में छात्र-छात्राए स्कूल आते, तो मार्च में हुई मुख्य परीक्षा में जरूर भाग लेते, इतनी बड़ी संख्या में दूसरी बार की परीक्षा में अनुपस्थित रहना गहन विस्तृत जांच और कार्रवाई का विषय बना हुआ है।

ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी के साथ प्राइवेट स्कूल भी संचालित हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के हजारों छात्र-छात्राए नगरों के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में प्रतिदिन पढ़ने आते हैं। छोटी कक्षाओं के छात्र कही दोहरी नाम दर्ज फर्जीवाडे का शिकार तो नहीं हो रहे। इसकी भी चर्चा बनी हुई है। छात्र-छात्राओं के सरकारी स्कूलों में नाम तो दर्ज हो जाते है और उनके द्वारा प्राइवेट स्कूलों में भी पढ़ाई की जाती रहती है। मध्यान्ह भोजन में फर्जी संख्या

सरकारी प्राथमिक, माध्यमिक स्कूलों के छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन मध्यान्ह भोजन वितरण में स्कूलों में दर्ज संख्या में उपस्थिति कितनी होती है। इसके तो स्कूल प्रबंधन और स्व. सहायता समूहों के बीच बना रहता है। खाद्यान्न सामग्री और राशि उपस्थिति के आधार पर मिलती है। इसी कारण छात्र स्कूल आए न आए परंतु उपस्थिति बनी रहने से ही समूहों को अच्छी राशि मिल पाती है। मेनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन तो कभी कभार ही स्कूली छात्र-छात्राओं को मिल पाता है।

## नदी, नालों, सरकारी जमीनों पर हो रहा अवैध उत्खनन

### चैनपुर में सरकारी भूमि पर अवैध उत्खनन में लगी पोकलेन मशीन ट्राला पकड़ा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

एक ओर जहां देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों के नर्मदा तटों से नर्मदा रेत का अवैध मनचाहे स्थानों से उत्खनन, बिना रायल्टी ओवर लोड वाहनों से परिवहन का व्यापक कारोबार फैला हुआ है। वहीं दूसरी ओर बिन पानी सूखी नदी नालों से रेत बजरी का अवैध उत्खनन परिवहन हो रहा है। उंचे खेतो की मिट्टी की मशीनों से खुदाई की जा रही है। बाड़ी क्षेत्र में वन विभाग एवं राजस्व विभाग की भूमियों पर भी मशीनों से उत्खनन का धंधा चल रहा है। बाड़ी तहसीलदार ने सरकारी भूमि से मिट्टी का उत्खनन होने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए पोकलेन मशीन एवं परिवहन में लगे ट्राला को जब्त करने की कार्रवाई की।

खनिज विभाग की सक्रियता जिला मुख्यालय के आसपास बनी रहती है। जबकि जिला मुख्यालय से 100 से 150 किमी दूर नर्मदा नदी के किनारे रेत के वैध अवैध खदाने है। इन नर्मदा तटो से चौबीसों घंटों रेत का उत्खनन और परिवहन का व्यापक अवैध कारोबार रेत माफिया द्वारा चलाया जा रहा है। नर्मदा तटों से निकली रेत का भोपाल, रायसेन, विदिशा, बेगमगंज और सागर जिले तक परिवहन होता है। भवनों और सीमेंट रोड निर्माण में मुख्य रूप से नर्मदा रेत का ही उपयोग किया जाता है। भले ही रेत खदाने चालू हो या बंद हो नर्मदा तटो से प्रतिबंध के बाद भी मशीनों का उपयोग कर नर्मदा रेत का उत्खनन, डंपर, ट्रेक्टर ट्रालियों से परिवहन चलता रहता है।

### सरकारी भूमि पर हो रहा उत्खनन

बाड़ी क्षेत्र में वन विभाग, राजस्व विभाग की भूमियों से मिट्टी कोपरा का मनचाहे स्थानों से अवैध उत्खनन का वर्षो से सिलसिला चल रहा है। सड़कों के निर्माण, भवनों में पुराई के लिए पीली मिट्टी, कोपरा का भारी मात्रा में उपयोग होता है। चैनपुर में सरकारी भूमि पर मिट्टी का उत्खनन होने की सूचना मिलने पर तहसीलदार प्रमोद उइके ने दलबल के साथ पहुंच कर कार्रवाई की। खुदाई में लगी पोकलेन मशीन, ट्राला को जब्त करने की कार्रवाई कर प्रतिवेदन खनिज विभाग को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजा है।

## गणेश प्रसाद वर्णी की प्रतिमा 22 जून को ग्राम हंसेरा में स्थापित होगी

सागर। गणेश प्रसाद वर्णी की 4 फुट की प्रतिमा ग्वालियर से वर्णी संस्थान विकास सभा सागर के अंतर्गत न्यायमूर्ति विमला जैन, सुरेश चंद जैन आईएएस भोपाल के सहयोग से बनवाई गई है। रथ सार्थी कपिल मलैया ने परिवार सहित प्रभावना रथ पुण्यार्जक के रूप में रथ को विधि विधान पूर्वक शुभारंभ कराया। यह प्रतिमा अलग-अलग स्थानों पर भ्रमण करते हुए उनके जन्म स्थान ललितपुर जिला के मड़ावरा ब्लाक के ग्राम हंसेरा में 22 जून को स्थापित की जाएगी। समाजसेवी कपिल मलैया ने बताया कि वर्णी जी असाटी समुदाय के थे। जबकि असाटी ज्यादातर वैष्णव होते हैं, उनके पिता की णमोकार मंत्र में गहरी आस्था थी। वे एक जैन परिवार के पड़ोस में रहते थे और मंडावरा में अपने घर के पास जैन मंदिर जाते थे। वहां के व्याख्यानों से प्रभावित होकर दस वर्ष की आयु में उन्होंने जीवन भर सूर्यास्त से पहले भोजन करने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि गणेश प्रसाद वर्णी ने सत्य, अहिंसा, संयम का जीवन व्यापी व्रत ग्रहण किया। उन्होंने अशिक्षा के अंधकार में डूबे समाज को उजियारे की किरणें प्रदान की। जीवन में कठोर श्रम और संघर्षों के बीच सफलता के बीज बोये। पूरे जीवन भर उन्होंने परिस्थितियों को अपने उद्देश्य के सामने नत-मस्तक कराया। विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने सत्य-अहिंसा को अपना कर आगमी मार्ग को ही प्रचारित और पुष्पित किया। समाज, राजनीति एवं समय के साथ समझौता नहीं किया। जगह-जगह पाठशालाएं, विद्यालय खुलवाये, लेकिन न तो अर्थ संग्रह और न व्यवस्था को अपने हाथ कभी रखा। बालचंद सवालनवीस के प्रोत्साहन और कंड्या, मलैया और अन्य परिवारों और सिंघई कुंदनलाल आदि के समर्थन से उन्होंने सतर्क -सुधातारिंगिनी जैन पाठशाला की स्थापना में मदद की, जो अब सागर में प्रसिद्ध गणेश दिगंबर जैन संस्कृत विद्यालय के नाम से पहचानी जाती है।इस अवसर पर मनीष विद्यार्थी रथ संयोजक, प्रीति मलैया, अनुष्का मलैया, डॉ. हरिश चंद जैन शास्त्री, जीवन्धर शास्त्री जबलपुर, संजय शास्त्री पावला, सुनील शास्त्री दलपतपुर, राजकुमार कर्द, सुरेश शास्त्री सागर, राजेंद्र शास्त्री दलपतपुर, संजय शास्त्री तिगोड़ा, उत्तमचंद, आशीष शास्त्री सीकर, विमल शास्त्री सागर आदि उपस्थित थे।

## स्वावलंबी बनने फाउंडेशन ने 100 महिलाओं को किया प्रशिक्षित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पालन सेवा फाउंडेशन द्वारा 100 महिलाओं को स्वावलंबी बनने का प्रशिक्षण 4 चरण में भारतीय लघु उद्योग एवं विकास बैंक के सहयोग से दिया जा रहा है। पहले चरण में जनजातीय ग्राम उदलाखेड़ी में गोबर से बनने वाले उत्पाद का प्रशिक्षण 22 महिलाओं को दिया गया। द्वितीय चरण में ग्राम महुआ खेड़ा में 41 महिलाओं को जीविका उपार्जन का प्रशिक्षण दिया। 7 से 11 जून चले प्रशिक्षण में अंतिम दिन प्रमाण पत्र दिए गए।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तरुण यादव, महिपाल सिंह राजपूत, आशीष शर्मा प्रमोद चौरसिया मौजूद रहे। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि स्वदेशी उत्पाद का उपयोग एवं लाभार्थियों द्वारा बनाई हुई वस्तुओं को बाजार कैसे उपलब्ध कराया जा सकता है, इस निमित्त स्वदेशी जागरण मंच जन जागृति अलख एवं प्रचार प्रसार के लिए भस्कर प्रयत्न करती रहेगी। पालन सेवा संस्थान के निदेशक, श्री पराग अग्रवाल ने कहा कि हमारी संस्था उन गांव में कार्य करती है जो शहर से दूर है और जहां शिक्षा, स्वास्थ और रोजगार के संसाधन शून्य के बराबर हैं। प्रमाण पत्र के माध्यम से लाभार्थियों को बैंकों से अपने व्यवसाय को संचालित करने के लिए आसानी से ऋण लेने में सुविधा होगी।

### ग्राम पंचायत सेऊ में हुआ तालाब गहरीकरण और पौधरोपण

**विदिशा**। ग्राम पंचायत सेऊ में सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल गंगा सम्बर्धन अभियान के तहत सेऊ स्थित बुधे की पहाड़ी पर स्थित तालाब पर गहरीकरण एवं पौधरोपण किया गया। पंचायत सचिव राजकुमार प्रजापति ने बताया की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीना मौजूद रहे। साथ ही जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी, कलेक्टर बुद्देश्य कुमार वैध, जिपं सीईओ योगेश कुमार भरसठ, एसडीएम नटेरन, जनपद सीईओ नटेरन, तहसीलदार ग्राम पंचायत के सरपंच कृष्णा बाई विकेश मालवीय सहित सभी अधिकारी कर्मचारी मोजूद रहे विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने कहा कि हमको जल स्त्रोतों को संरक्षित करना है और अधिक से अधिक पौधा लगाना और उन पौधों को बचाने की जिम्मेदारी भी लेनी है तभी हमारा आने वाला कल सुरक्षित होगा कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य और जिला पंचायत सीईओ योगेश कुमार भरसठ ने सेऊ की गौशालाओं का निरीक्षण किया और कहा कि हम यहां ऐसे पौधे लगाए जो इस पहाड़ी पर आसानी से लग जाएं।

## दो माह पूर्व हत्याः10 हजार का इनामी हत्यारा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

थाना क्षेत्र के ग्राम सिनवाह-सिलवाह के रास्ते पर एक खून से सनी लाश दिखने पर 19 अप्रैल को पुलिस को सूचना दी गई।

शव का पीएम कराए जाने के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया। चुनावी गतिविधियों के कारण मामले की विवेचना कुछ धीमी रही, परंतु टीआई विजय त्रिपाठी ने अपने सारे प्रयासों के बाद अंधे हत्याकांड को शिंकजे में कस लिया। 25 हजार रुपए की उधारी मांगने पर मृतक विजय धानक से ग्राम मेहरागांव कलां निवासी अरविन्द राजपूत से कहा सुनी विवाद होने पर पत्थर सिर में मार देने से उसकी मौत हो गई। अंधे कत्ल पर एसपी ने 10 हजार का इनाम भी घोषित किया था।

मृतक विजय पुत्र जमना धानक ग्राम रिमसिली का मूल निवासी था और मेहरागांव कलां में मेहनत मजदूरी का कार्य करता था। पूर्व में जिस अरविन्द राजपूत ने हत्या की उसी के यहां विजय नौकरी करता था, और 25 हजार रुपए ऊधार लिए थे। जिसकी मांग अरविंद राजपूत लंबे समय से कर रहा था। घटना की रात में मृतक विजय ने अरविन्द से सिनवाह विवाह में आने और मोटर साईकिल छोड देने का कहा। दौनों के साथ गए और उधारी के रूपयों को लेकर विवाद हुआ। विजय धानक के सिर में गंभीर गहरी चोट और अत्याधिक खून निकल जाने से मृत्यु हो गई।

### चलती रही अंधे हत्याकांड की जांच

19 अप्रैल की रात में हुई उक्त घटना हत्या की लगभग 2 माह तक जांच चलती रही। लोकसभा चुनाव की गतिविधियों से धीमी बनी रही। पिछले एक हफ्ते में टीआई विजय त्रिपाठी ने अंधे हत्याकांड की जांच तेज की, संदेही लोगो से पूछताछ ओर मिले सुरागो पर आखिरकार अरविन्द राजपूत को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। हत्यारोपी अरविन्द पुत्र पुरूषोत्तम राजपूत को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहॉ से उसे जेल भेज दिया गया।

## भारकच्छ कलां में चला जल गंगा सवर्धन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

5 जून से 16 जून तक प्रदेश में जल गंगा सवर्धन अभियान चल रहा है। बुधवार को बाड़ी जनपद और उदयपुरा, बरेली विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले नर्मदा तट भारकच्छ कलां में जल गंगा सवर्धन अभियान के अंतर्गत बड़ा कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में आए प्रदेश के स्वा. एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने मां नर्मदा की विशेष पूजन, आरती प्रार्थना कर उपस्थित नागरिकों, भाजपा के कार्यकर्ताओं, अधिकारियों,



कर्मचारियों के साथ नर्मदा तट पर विशेष साफ सफाई की गई। भारकच्छ कलां में जल गंगा अभियान के अंतर्गत हुए कार्यक्रम एवं सभा को सम्बौधित करते हुए राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि जलश्रोता का साफ सफाई और उनका संरक्षण, सम्वर्धन जरूरी है। इस अभियान में सभी की भागीदारी भी जरूरी है।

कार्यक्रम में भारकच्छ कलां के साथ आसपास के ग्रामों से आए ग्रामीणों की भारी उपस्थिति रही, कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटैल, उपा. अंकित पटैल, एसडीएम संतोष मुदगल, जनपद सीईओ दानिश अली खान, नायब तहसीलदार नपद अभियान परिषद की सविता कावरे, जनपद के कर्मचारियों के साथ अन्य विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, जनपद सदस्यों, सरपंचों, ग्रापं. सचिवों की उपस्थिति रही।

## ब्रिगेडियर अमित चटर्जी ने किया छावनी परिषद कार्य का लोकार्पण

# सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में खूबसूरती से हो रहा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

छावनी परिषद पचमढ़ी में जनता से जुड़े विकास कार्यों में लगी हुई है। नए विकास कार्यों के लोकार्पण जिसमें अटल बिहारी वाजपेई सांस्कृतिक केंद्र नवीनीकृत भवन ,छावनी परिषद मुख्य बाजार दुकान, छावनी परिषद व्यायाम शाला, छावनी परिषद पार्किंग पटेल मार्ग का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर अमित चटर्जी रहे। कार्यक्रम में छावनी परिषद उपाध्यक्ष गोपाल दास काबरा,पार्षदों मे से संजय लड़वानी,हुज़ेफा हकीमुद्दीन बोहरा, प्रशांत सिहोते, लक्ष्मी राय, सरिता सल्लाम मौजूद रहीं।



### सुरक्षित पार्किंग के लिए हुई व्यवस्था

पचमढ़ी मे देश भर से पर्यटक भ्रमण के लिए आते हैं। छपनी क्षेत्र में होटल होने के कारण पार्किंग की समस्या बनी रहती थी जिसे देखते हुए छावनी परिषद ने पटेल मार्ग पर पार्किंग स्थल का नवीनीकरण किया साथ ही पार्किंग स्थल में शौचालय की व्यवस्था भी बनाई है।



### आधुनिक मशीनों से लैस व्यायाम शाला

पचमढ़ी में युवाओं की मांग को देखते हुए अत्याधुनिक मशीनों के साथ व्यायाम साला को बनाया गया है। व्यायाम शाला में इंक्लाइंड एवं डिकलाइन बेंच प्रेस, शोल्डर प्रेस, लेग प्रेस, डंबल सेट, साइकिलिंग एवं कार्डियो से जुड़ी मशीनों को शामिल किया गया है।

### छावनी परिषद मुख्य बाजार की 18 दुकाने

पचमढ़ी के मुख्य बाजार को और सुंदर बनाने की नीयत से छावनी परिषद की 18 दुकानों को पूरी तरह रिनोवेट किया गया है। पूर्व में दुकान तीन की बनी हुई थी एवं सभी दुकानों में तीन से चार फीट की दीवार थी। वर्तमान में दुकानों को पूरी तरह सुंदर एवं नए तरीके से बनाया गया है। अब दुकाने पहले के मुकाबले और सुंदर लग रही हैं जिससे पचमढ़ी मुख्य बाजार की खूबसूरती में चार चांद लग गए हैं।

### लोकार्पण के विपरीत छावनी परिषद स्कूल की क्षमता बढ़ाने को लेकर जनता काफी समय से कर रही है मांग

विकास कार्यों के लोकार्पण से दुकान व्यायाम शाला पार्किंग इत्यादि से जुड़े लोग तो खुश हैं वही उसके विपरीत वह अभिभावक अभी भी दुखी हैं जो अपने बच्चों के एडमिशन के लिए स्कूल दर स्कूल भटक रहे हैं। छावनी परिषद में जो स्कूल संचालित किया जा रहा है उसमें केवल एक सेक्शन है जिस कारण से स्कूल में ज्यादा बच्चे नहीं पढ़ पाते हैं। हाल ही में छावनी परिषद ने न्यायालय से अरविंद कुमार नितिन कुमार विद्यालय जो की छावनी परिषद की भूमि पर था उसका स्वामित्व अपने पास हासिल किया है। कवायत लगाई जा रही थी की छावनी परिषद प्राइमरी विद्यालय अरविंद कुमार नितिन कुमार की जगह पर खोला जाएगा और मौजूदा विद्यालय को सेकेंडरी कक्षाओं में परिवर्तन किया जाएगा। ऐसा करने से प्राइमरी एवं सेकेंडरी दोनों ही वर्गों में दो सेक्शन चलाए जा सकते थे जिससे कि ज्यादा विद्यार्थी शिक्षा लाभ ले सकें। हालांकि ऐसा होता नहीं दिख रहा है इस विषय में लगातार छावनी परिषद मुख्य अधिशासी अधिकारी एन रमेश से संवाद की कोशिश की गई लेकिन पूर्व की भांति वह पत्रकारों का फोन नहीं उठाते हैं। इस विषय पर छावनी परिषद उपाध्यक्ष गोपाल दास एवं पार्षद प्रशांत सीहोते द्वारा सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए आश्वासन दिलाया गया है कि आने वाले समय में ऐसा जरूर किया जाएगा।

---

## नगर निरीक्षक के साथ बैठक में सराफा बाजार के व्यापारियों ने दिया आश्वासन

# अब तीसरी आंख की कैद में होंगी सराफा बाजार की मुख्य सड़कें

**नगर के सराफा बाजार में चोरी की घटनाओ को रोकने अब मुख्य मार्गो पर सीसीटीवी कैमरे आगामी तीन दिनों में लगाए जायगे। जिससे चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा। विदित हो अभी कुछ दिन पूर्व ही सराफा बाजार में लाखों के सोना और नगदी की चोरी हुई थी। सराफा बाजार में दुकानों में तो कैमरे लगे हैं, लेकिन मुख्य मार्गो पर कैमरे की जरूरत है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

सीसीटीवी कैमरो की सहायता से सराफा बाजार में दुकानों की हिफाजत तो हो रही थी लेकिन सड़कों पर होने वाली गतिविधि और चोरी की घटनाओं को रोकने अब मुख्य मार्गो



पर भी सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। दरअसल सराफा बाजार में पिछले दिनों हुई चोरी की घटना के बाद पुलिस ने यहां के व्यापारियों के साथ एक मीटिंग करके मुख्य मार्गों और गलियों में कैमरे लगाने के लिए व्यापारियों को राजी किया। व्यापारियों ने अगले तीन दिन में कैमरे लगवाने को आश्वस्त किया है। उल्लेखनीय है कि इसी पिछले सप्ताह सराफा बाजार में पांचवी लाइन स्थित एक दुकान में करीब दस लाख के सोने के जेवर और 52 हजार की नगदी चोरी हुई थी। पुलिस ने मामले में आरोपियों को तो चौबीस घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन इस घटना के बाद सराफा बाजार में मुख्य मार्गों और गलियों में कैमरों की जरूरत महसूस की गई।

### बैठक में हुई थी चर्चा

सराफा में कई दुकानदारों ने चौकीदार रखे हैं, लेकिन वे केवल उसी दुकान के बाहर ड्यूटी करते हैं, जहां उनको काम दिया है। शेष जगह से उनको लेना-देना नहीं होता है। टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने सराफा व्यापारियों की मीटिंग लेकर सराफा से निकलने वाली प्रमुख गलियों और मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के संबंध में चर्चा कर समझाईश दी। व्यापारियों ने आगामी दो से तीन दिन में मुख्य मार्गों एवं गलियों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर सराफा व्यापारी रीतेश शर्मा, यज्ञदत्त गौर, संतोष सोनी, बेनीशंकर शर्मा, दिनेश गोठी सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

### सीसीटीवी कैमरों से मार्ग भी होंगे सुरक्षित

सराफा बाजार में मौजूद दुकानों में तो सीसीटीवी लगे हैं, लेकिन इन कैमरो से सड़कों और गलियों में होने वाली गतिविधि पर नजर नहीं रखी जा सकती है। ऐसे पिछले दिनों हुई चोरी की घटना और पुलिस की समझाईश के बाद सराफा व्यापारी सड़कों और गलियों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने मान गए हैं।

---

# क्षमता संवर्धन कार्यशाला का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आंचलखेड़ा

पीएम श्री शा उमा विद्यालय आंचलखेड़ा पीएम श्री योजना के अन्तर्गत शाला स्तरीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया कार्यशाला का शुभारंभ सरस्वती पूजन कर किया गया एवं छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत का प्रस्तुतीकरण किया गया। प्राचार्य जयश्री राय द्वारा शिक्षकों का स्वागत किया कार्यशाला में प्रतिभाशाली सम्मान कार्यक्रम एवं विद्यालय का संचालन के बारे में जानकारी दी गयी।

जिसमें संसाधनो का प्रयोग एवं 11 स्केल के बारे में जानकारी दी गयी। मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर प्रमाण पत्र दिए गए। प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को लैपटाप से लाभांवित होने की जानकारी दी गई। वहीं प्रशिक्षण कार्यशाला अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। जिसमें नामांकन शत प्रतिशत बढ़ानना ,ड्रापआउट जीरो पर लाना, पीएम श्री स्कूल के स्तंभ,100 डेज प्लान के बारे मे जानकारी, पीटीएम का आयोजन करना, सब्जेक्ट वाइस लर्निंग कार्नर बनाना, टीईएम मटेरियल का उपयोग,थीम बेस्ट गार्डन तैयार करना',ग्रीन एन्ड क्लीन स्कूल बनाना, पीएचसी पीयर लर्निंग, कम्यूनिटी का आयोजन, एसआईसी स्कूल इनोवेशन कम्यूनिटी का गठन, एसयूटी स्कूल लीडरशिप टीम का गठन, साइंस और मेथ्स सर्किल बनाना साथ अन्य विषयों पर भी की गई कार्यशाला समापन के दौरान संस्था प्रभारी प्राचार्य जयश्री राय द्वारा सभी आभार माना।

### एसडीएम ने सोक पिट की साफ-सफाई का लिया जायजा

**इटारसी।** एसडीएम टी प्रतीक राव ने अधिकारियों के साथ ग्राम पाहनवर्री का दौरा कर बारिश पूर्व डूब क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम में पौधरोपण किया और सोकपिट की सफाई करायी। इटारसी अनुविभागीय अधिकारी टी प्रतीक राव, सीईओ जनपद पंचायत नर्मदापुरम हेमंत सूत्रकार एवं नायब तहसीलदार हीरू कुमरे ने पाहनवर्री में तवा प्रभावित डूब क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को समझाईश दी कि यदि ग्राम में बाढ़ की सूचना दी जाती है तो शासन के निर्देशों का पालन करें एवं अस्थाई कैंप में जायें। वर्तमान में जल गंगा संवर्धन अभियान चल रहा है इसके अंतर्गत श्री राव ने स्कूल परिसर में बने लीच पिट की सफाई कराई और सरपंच सचिव को पूरे ग्राम में सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने शाला परिसर में पौधरोपण किया। भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत से रामकुमार गौर, पुरुषोत्तम पटैल, पटवारी सीताराम पठारिया, सचिव कृष्ण कुमार यादव, ग्राम रोजगार सहायक दिलीप यादव, ग्राम से मंडल उपाध्यक्ष मोहन यादव, बृजमोहन यादव, चिमनलाल परते, देवेन्द्र चौधरी, अनिल कहार आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

## पारस उद्योग में घुसकर चोरों ने उड़ाए रुपए

### पेड़ पर चढ़कर खिड़की तोड़कर घुसे चोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

संयुक्त व्यापार महासंगठन के अध्यक्ष मुकेश कुमार जैन के पारस उद्योग में बीती रात चोरी हो गयी। चोर उनकी आटा मिल के साइड में मौजूद पेड़ पर चढ़कर ऊपर की खिड़की का कांच तोड़ा और मिल में प्रवेश किया। चोर ने गल्ले में रखे कुछ हजार रुपए चोरी किये, सामान नहीं चुराया। पारस उद्योग के संचालक मुकेश कुमार जैन ने बताया कि ऊपरी मंजिल की खिड़की का कांच तोड़ा और मिल में घुसकर चोर ने गल्ले में रखी चिल्लर और छोटे नोट सहित सात-आठ हजार रुपए ले गये हैं। मिल में रखे सामान को नहीं चुराया। उल्लेखनीय है कि पारस उद्योग में कुछ वर्षों पूर्व भी चोरी हुई थी। उस वक्त चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए थे। उस दौरान कई दुकानों के ताले तोड़े थे, जिनमें पुरानी इटारसी की दुकानें भी शामिल थीं। बुधवार को चोरी की सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया है। संचालक ने पुलिस में घटना की सूचना देकर एक आवेदन दिया है।

## मोदी की जीत का जश्न चाय वितरण के साथ हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

स्थानीय रामजी चौक रेंज आफिस के पास वार्ड क्रमांक 9 में वार्ड पार्षद ईश्वरदास जमींदार मित्र मंडल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के केन्द्रीय मंत्री बनने सहित मध्य प्रदेश से 5 मंत्री बनाए जाने एवं नर्मदापुरम नरसिंहपुर के लोकप्रिय सांसद दर्शनसिंह चौधरी की जीत की खुशी पर सजग युवा मंडल के साथ निशुल्क मोदी चाय वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पार्षद सभापति ईश्वरदास जमींदार ने जानकारी देते हुए बताया कि देश में किस प्रकार से एक आम व्यक्ति ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में जनता जनार्दन का आशीर्वाद प्राप्त किया यह प्रजातंत्र है और भारतीय जनता पार्टी का जमीन पर काम करने का परिणाम है कि एक चाय बेचने वाला छोटे से छोटा व्यक्ति भी भाजपा की राष्ट्र प्रथम और संगठन की रिति नीति के अनुसार काम करने वाला कोई भी व्यक्ति देश और प्रदेश में बड़े से बड़े पद पर विराजमान हो सकता है यह हम सभी के लिए प्रेरणा है और जनता के इस विश्वास पर मोदी और अधिक मेहनत कर देश को विश्व गुरु बनाने की ओर अग्रसर रहेंगे।

## हमें कब तक पीना पड़ेगा गंदा पानी, पूछ रहे निवासी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी


हमें कब तक पीना पड़ेगा गंदा पानी इस तरह के सवाल हाउसिंग बोर्ड के निवासी कर रहे हैं। यहां नलों से इतना गंदा पानी आ रहा है कि इस पानी का उपयोग पीने के लिए तो कम से काम नहीं किया जा सकता। वार्ड नंबर 3 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले लोगों को गंदा पानी पीना पड़ रहा है।

यहां नगर पालिका से सप्लाई होने वाले पेयजल में कीचड़ मिली हुई आ रही है। जिससे पीने का पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। दरअसल यहां पाइपलाइन सुधारने के लिए जगह-जगह गड्ढे किए गए थे। इन गड्ढे में गंदा पानी भर गया है और इसी से होकर पानी की सप्लाई हो रही है। जिससे गंदा पानी घरों तक पहुंच रहा है। यहां रहने वाले लोगों को पेयजल के लिए स्वयं के इंतजाम करना पड़ रहा है।

### सडकों पर चलना हो मुश्किल

हाउसिंग बोर्ड के पटेल भवन के पीछे वाले क्षेत्र में पेयजल समस्या के साथ ही गंदगी से भी परेशान होना पड़ रहा है। यहां नालियों की सफाई करने के बाद मलवा सड़कों पर छोड़ दिया गया है। जिससे सड़कों पर कीचड़ हो गई है। इससे हालात यह है कि लोग सड़कों पर फिसल रहे हैं और साथ ही पूरे क्षेत्र में गंदगी फैल गई है।

## भाजपा की जीत पर हुआ धार्मिक आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बांसखेड़ा के निवासी एवं भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता सतपाल पलिया के द्वारा शिवालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुनः प्रधानमंत्री बनने पर तथा होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सांसद प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी के विजय होने पर सतपाल पलिया के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के तमाम जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं के साथ भगवान भोलेनाथ का शिवालय में विशाल जलाभिषेक किया गया और वहां मंदिर में अभिषेक के पश्चात विशाल विधानसभा स्तरीय भंडारी का कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमें पिपरिया विधानसभा के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं निवासियों को आमंत्रण पत्र के साथ आमंत्रित किया गया जिसमें पिपरिया एवं बनखेड़ी विकासखंड के तमाम भाजपा के कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल, अर्जुनलाल पलिया, मनमोहन पलिया, महेंद्र सिंह जूदेव, नीत राज पटेल आदि मौजूद रहे।

---

## सीएम राइज प्राचार्य संजीव दुबे के नेतृत्व में आयोजन

# खेल प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

मध्य प्रदेश खेल युवा कल्याण एवं शिक्षा विभाग के द्वारा सीएम राइम्स स्कूल प्राचार्य संजीव दुबे के नेतृत्व में हैंडबॉल ताइक्वांडो का प्रशिक्षण शिविर एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र राज के नेतृत्व में भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में निरीक्षण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी वंदना रघुवंशी दीपक चंद्रोल विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीलाल रघुवंशी बी आर सी प्रदीप शर्मा एवं तमाम शिक्षकों के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया गया राज्य स्तरीय कब के लिए चयनित पिपरिया अंदर की 17 बालिका टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए मुख्य अतिथि के द्वारा तकनीकी ज्ञान भी दिया गया सभी में अपने उद्बोधन में कहा कि खेल में सुधार के लिए मेहनत स्वयं करना पड़ती है खेल में निखार आता है खेलों के माध्यम से जीवन में अनुशासन



भी सीखने को मिलता है शिविर में खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण कोच सचिन पूर्णिया प्रीतम सिंह पुरवइया एवं तमाम अरविंद शर्मा खेल प्रभारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया।

### शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरीहरचंद

नगर में ईद के त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें चौकी प्रभारी आकाशदीप द्वारा त्योहार को लेकर मुस्लिम त्योहार कमेटी से जानकारी लेकर आवश्यक सुझाव दिए गए। नगर में सुरक्षा की दृष्टि से व्यापारी संघ सदस्यों से भी प्रतिष्ठानो की सुरक्षा से संबंधित चर्चा की गई एवं नगर में पॉलिथीन की बढ़ते उपयोग को रोकने संबंधित चर्चा की गई। शांति समिति की बैठक में सेमरी हरचंद के सरपंच चेतन मीना दिनेश नामदेव नेमचंद कुशवाहा रामनाथ पटेल पाला देवरी के सरपंच प्रतिनिधि साहब सिंह पटेल जमुनिया सरपंच प्रेम शंकर एके विधायक प्रतिनिधि योगेश मालवी पुलिस चौकी प्रभारी आकाशदीप सहायक उप निरीक्षक नरेश रघुवंशी प्रधान आरक्षक प्रमोद पटेल आरक्षक अतुल शर्मा आदि उपस्थित थे।

# 16 साल की आदिवासी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया अज्ञात युवक

## पिता ने सलामतपुर थाने में दर्ज कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना क्षेत्र के एक नजदीकी गांव में 16 साल की आदिवासी नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात युवक बहला फुसला के भगाकर ले गया है। जैसे ही मामले की जानकारी परिजनों को मिली तो उन्होंने थाने में अज्ञात युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। सलामतपुर पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ धारा 363 आईपीसी का मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के एक नज़दीकी गांव से आए पिता ने शिकायत दर्ज कराई की उसकी सोलह साल की नाबालिग लड़की रात 11 बजे से गायब है। काफी खोजबीन के बाद भी लड़की का कहीं पता नहीं चल सका। इतना ज़रूर पता चला है कि उसको कोई अज्ञात युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने मामला नाबालिग लड़की से जुड़ा होने की वजह से तत्काल मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

### 1 महीने से दादी के घर रह रही थी नाबालिग लड़की

घर से गायब हुई आदिवासी समाज की नाबालिग युवती तीन बहनों और दो भाइयों में तीसरे नम्बर की बहन है। जो पिछले एक महीने से सलामतपुर थाना क्षेत्र के ही दूसरे गांव में अपनी दादी के घर रह रही थी। दादी के घर से ही वह बीती रात्रि को लगभग 11 बजे से गायब है। जब लड़की की दादी की नींद खुली तो वह बिस्तर से गायब थी। आसपास देखा तो उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। तो उसके पिता को पूरे मामले की जानकारी देकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### जानकारी भेज दी

मामला नाबालिग लड़की से जुड़ा होने के चलते तत्काल आसपास थाने सहित भोपाल और विदिशा थाना क्षेत्र में भी नाबालिग लड़की से जुड़ी हुई पूरी जानकारी भेज दी है। उन्होंने कहा है कि जांच जारी है। हम शीघ्र ही नाबालिग लड़की को दस्तयाब कर लेंगे।

**दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी सलामतपुर।